दिनांक: 30.08.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज चीन के तियांनजिन पहुंचे–शंघाई सहयोग संगठन–एस. सी. ओ. शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।
- प्रधानमंत्री कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले **मन की बात** कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेगें।
- राज्य विधानसभा के सोमवार से शुरू हो रहे मानसून सत्र से पहले कल राज्य मंत्रिमण्डल की अहम बैठक होगी।
- केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्यमंत्री ने सभी राज्यों को सफाई व्यवस्था में तेज़ी लाने की सलाह दी।

और

- राज्य के पूर्वी हिस्सों में अगले पांच–छह दिन हल्की से मध्यम बारिश तथा दक्षिण–पूर्वी भागों में कहीं–कहीं भारी बारिश की प्रबल संभावना।

**000**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिन की जापान यात्रा के बाद आज चीन पहुंचे। तियांनजिन शहर पहुंचने पर भारतीय समुदाय की ओर से प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। श्री मोदी **शंघाई सहयोग संगठन–एस. सी. ओ.** शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। दो दिन के इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी चीन के राष्ट्रपति शी जिंगपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लामिदिर पुतिन सहित अन्य वैश्विक नेताओं के साथ विचार–विमर्श में शामिल होगें। एस.सी.ओ. सम्मेलन में संगठन की 25 वर्षों की उपलब्धियों की समीक्षा होगी और 10 साल की विकास रणनीति भी अपनाई जाएगी। चीन पांचवीं बार एस.सी. ओ सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है।

इससे पहले श्री मोदी ने आज टोक्यो 16 प्रान्तों के गर्वनर्स से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें भारत के विकास कार्यों में भागीदार बनने के लिए आमंत्रित किया। भारत और जापान ने मानव संसाधन के आदान–प्रदान के लिए एक कार्य योजना को मंजूर किया है। इसका लक्ष्य अगले पांच सालों में पांच लाख लोगों की आवाजाही समेत जापान में कुशल और अर्द्धकुशल श्रमिकों को भेजना है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम में कल सुबह 11 बजे अपने विचार साझा करेंगे। इस रेडियों कार्यक्रम की यह 125 वीं कड़ी होगी। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा।

साथ ही आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट, न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप, आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी ये कार्यक्रम उपलब्ध रहेगा। इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्ज़ पर भी मिलेगी।

-----------------

000

16वीं राज्य विधानसभा के एक सितम्बर से शुरू होने वाले चौथे सत्र में 70 प्रतिशत प्रश्न ऑनलाइन मिले हैं। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने ये जानकारी देते हुए बताया कि नेवा बेवसाइट पर विधायक अपने प्रश्न अपलोड कर रहे हैं। श्री देवनानी ने विधानसभा अधिकारियों को सत्र संबंधी सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिये। सत्र से पहले कल दोपहर राज्य मंत्रिमण्डल की बैठक भी बुलाई गई है।

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी आज रामदेवरा पहुंची। उन्होंने लोक देवता बाबा रामदेव की समाधि पर पूजा–अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। पत्रकारों से बातचीत में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि रामदेवरा में देश के कोने–कोने से दर्शनार्थी पहुंचते हैं। इन्हें हर संभव सुविधाएं देना सरकार की प्राथमिकता है।

-----------------

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इससे पहले जोधपुर रेलवे स्टेडियम में आयोजित लंगड़ी एक्सप्रेस कार्यक्रम में शिरकत की।

उन्होंने खुद पारम्परिक खेल लंगड़ी टांग खेला और दौड़ लगाकर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पारम्परिक खेल हमारी धरोहर है। इनसे दुनियाभर में हमारी अलग पहचान है।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज जैसलमेर पहुंचे। श्री शर्मा ने पूर्व सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कर्नल सोनाराम चौधरी के पैतृक गांव मोहनगढ़ पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्री चौधरी के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। श्रद्धांजलि सभा में जैसलमेर विधायक छोटू सिंह भाटी, विधायक कुलदीप धनकड़ सहित भाजपा के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

000

वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण सरकार की प्राथमिकताओं में है। इसके साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। श्री शर्मा ने आज बालोतरा में जिले की बजट घोषणाओं, पौध रोपण तथा अन्य योजनाओं और विभागीय कामों की समीक्षा बैठक में ये बात कही। उन्होंने कहा कि जो औद्योगिक इकाइयां प्रदूषित पानी छोड़ रही हैं, उन पर तुरंत कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण मण्डल जिला प्रशासन के साथ मिलकर ये कार्यवाही सुनिश्चित करे। उन्होंने अधिकारियों को हरियालो राजस्थान के तहत लगाये गये पौधों की शत–प्रतिशत जीओ टैगिंग करने को कहा।

000

केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने सभी राज्यों को सफाई में तेजी लाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि सफाई ऐसी होनी चाहिए जो साफ तौर पर दिखाई दे। शहरी इलाक़ों के लिए **स्वच्छ भारत मिशन** के दूसरे चरण की वर्चुअल बैठक में श्री मनोहर लाल ने कहा कि स्वच्छता और शहरी विकास आपस में जुड़े हुए हैं। उन्होंने शहरी विकास और नीति कार्यान्वयन के वाहक के रूप में **सफाई लक्ष्य इकाइयों–सीटीयू** की भी चर्चा की। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि उनके मंत्रालय ने शहरी भूमि की समयबद्ध सफाई की रूपरेखा तैयार की है जिसकी नियमित समीक्षा होगी। इस काम में नागरिकों और स्वच्छता एप के माध्यम से गहन निगरानी की जाएगी।

000

पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्री मदन दिलावर आज भीलवाड़ा जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार चारागाह भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर काफी गंभीर है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में गोचर भूमि पर अतिक्रमण हटाने के लिए कार्य योजना बनाई जा रही है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि देश उन सभी माताओं के प्रति कृतज्ञ है जो अपने बेटे और बेटियों को सेना में भेजने में गौरव करती हैं। श्री बागड़े आज जयपुर में वीरांगना सम्मान समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में पुरूषों के साथ महिलाओं ने भी साहस की अद्‌भुत गाथाएं लिखी हैं। उन्होंने राजस्थान को वीरों की भूमि बताते हुए कहा कि यहां कि माताएं पालने में ही बच्चों को वीरता का पाठ पढा देती हैं। राज्यपाल ने कहा कि वीरांगनाओं का सम्मान हमारे देश की गौरवमयी परम्परा है।

000

प्रदेश में गिवअप अभियान के तहत स्वेच्छा से खाद्‌य सुरक्षा योजना से सक्षम लोग अपना नाम हटवा रहे है। खाद्य सब्सिडी छोडने की कल अंतिम तिथि है। इसी कड़ी में कोटपूतली–बहरोड़ जिले में साढे बासठ हजार लोगों ने अपनी मर्जी से खाद्य सब्सिडी छोडी है। ज़िला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा ने बताया कि ज़िले में 95 हजार से ज्यादा लोगों को खाद्य सुरक्षा सूची से जोड़ा गया है।

-------------------------

**000**

राज्य में सितम्बर महीने में शुरूआती दिनों में मानसून के जोरदार तरीके से सक्रिय रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है। वहीं आज जयपुर, अजमेर, जोधपुर, उदयपुर संभाग के कुछ भागों में गरज के साथ बरसात की संभावना है।

पूर्वी राजस्थान के अधिकतर हिस्सों में अगले 5–6 दिन हल्की से मध्यम बारिश तथा दक्षिण और दक्षिण–पूर्वी भागों में कहीं–कहीं भारी बारिश की प्रबल संभावना है। आज सिरोही, जालौर और पाली में तेज बरसात का ऑरेंज अलर्ट बताया गया है। वहीं 34 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि जैसलमेर, बाड़मेर और बीकानेर में गर्मी और उमस का असर बना हुआ है तथा दिन का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से उपर दर्ज किया जा रहा है। इस बीच आज श्रीगंगानगर में दोपहर बाद मूसलाधार बरसात हुई। घने बादलों के कारण दोपहर में ही अंधेरा छा गया। जालौर जिले के भीनमाल, रानीवाड़ा, सांचौर और सायला सहित कई जगह झमाझम बरसात का दौर

चला। हनुमानगढ़ में हुई जोरदार बारिश के कारण कई इलाकों में पानी भर गया। सलूम्बर में जयसंमद झील में पानी की आवक जारी है। वहीं जिले के सराड़ा क्षेत्र केजड़ और हरसन तालाब तथा डाया बांध में भी पानी लगातार आ रहा है। पानी की अच्छी आवक से राज्य के 353 बांध लबालब हैं, वहीं 219 आंशिक रूप से भर गये हैं।

000

उद्योग राज्य मंत्री के.के. बिश्नोई और सांसद लुम्बाराम चौधरी ने आज जालौर के भालनी गांव में अमृता देवी राजकीय पुस्तकालय का लोकर्पण किया। इस दौरान श्री बिश्नोई ने कहा कि राज्य सरकार कौशल विकास कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर सृजित कर रही है। उन्होंने बालिकाओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने पर भी जोर दिया।

000